# कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने शहर का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 6 जनवरी।** कलेक्टर रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने मंगलवार को ग्वालियर के शांतिनगर एवं शेख की बगिया में पहुँचकर सीवर समस्या के संबंध में निरीक्षण किया और नागरिकों से चर्चा की। सीवर समस्या के त्वरित निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने शांतिनगर एवं शेख की बगिया में सीवर समस्या के संबंध में प्राप्त सूचना पर मौके पर जाकर अवलोकन किया और निगम के अधिकारियों को सीवर समस्या के निराकरण के लिये तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सीवर समस्या का निराकरण मेन पॉवर एवं निगम की मशीनरी के माध्यम से तत्परता से कराया जाए। इसके साथ ही बस्ती की सीवर समस्या के स्थायी निदान के लिये भी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शांतिनगर एवं शेख की बगिया में



पेयजल वितरण व्यवस्था के संबंध में भी नागरिकों से चर्चा की। पेयजल वितरण लाइन में जहां भी लीकेज है उसे शीघ्र अतिशीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सीवर समस्या एवं पानी की लाइनों में लीकेज की जो भी शिकायत मिलती है उसका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने भी निरीक्षण के दौरान निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बस्ती की सीवर समस्या के निदान हेतु तत्परता से कार्रवाई करें। मेन पॉवर के साथ-साथ निगम की मशीनरी का भी उपयोग कर समस्या का निदान कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन अथवा अन्य किसी माध्यम से भी सीवर समस्या, पेयजल समस्या के संबंध में कोई शिकायत मिलती है तो उसे तत्परता से निराकृत किया जाए। कलेक्टर चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी एवं नागरिकों ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया।



### कलेक्टर ने सरोद घर का भी किया अवलोकन

ग्वालियर, 6 जनवरी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने ग्वालियर के जीवाजीगंज में विख्यात सरोद वादक अमजद अली खाँ द्वारा स्थापित सरोज घर/संगीत घर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने सरोज घर में सुसज्जित विभिन्न प्रकार के पारंपरिक एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों को बड़ी रुचि के साथ देखा तथा उनकी कलात्मक प्रस्तुति और संरक्षण की सराहना की। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय भी उपस्थित थे। कलेक्टर चौहान ने कहा कि सरोज घर जैसे सांस्कृतिक केंद्र ग्वालियर की समृद्ध संगीत परंपरा और विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वाद्य यंत्रों के वैज्ञानिक रख-रखाव, उनके इतिहास और संगीत साधना से जुड़ी जानकारी को आमजन तक पहुँचाने के प्रयासों की प्रशंसा की। चौहान ने यह भी कहा कि ग्वालियर को संगीत की नगरी के रूप में पहचान दिलाने में ऐसे संस्थान प्रेरणास्रोत हैं, जहाँ नई पीढ़ी को भारतीय संगीत और वाद्य परंपरा से जोड़ने का सार्थक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सरोज घर को सांस्कृतिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें अटेण्ड न करना 19 अधिकारियों को भारी पड़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 6 जनवरी।** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतें अटेंड न करना 19 अधिकारियों को भारी पड़ा है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने इन सभी अधिकारियों का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के लिये अलग-अलग आदेश जारी

**कलेक्टर ने 3 - 3 दिन का वेतन काटने के लिये जारी किए अलग-अलग आदेश**

किए हैं। यह कार्रवाई गत अक्टूबर माह में प्राप्त हुई सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के आधार पर एल-1 स्तर के अधिकारियों के खिलाफ विधिवत नोटिस जारी कर की गई है। जिन 19 अधिकारियों का 3 - 3 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं, उनमें रीजनल मैनेजर संस्थागत वित्त प्रियंका बंसल, रवि रंजन, अफाक मंसूरी, प्रत्यूष श्रीवास्तव, अजय सिंह, देवेन्द्र पाल सिंह व शंकरानंद झा, नगर निगम के सीवर सेल के सहायक यंत्री के. सी. अग्रवाल, उप प्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी आशीष कुमार रोशन, सहायक यंत्री विद्युत तानसेन नगर महेन्द्र सिंह कौशल, उप प्रबंधक विद्युत करहिया विपिन कुमार उइके, सहायक महाप्रबंधक संस्थागत वित्त नितेश कुमार सिन्हा, नोडल अधिकारी विक्रांत विश्वविद्यालय धीरज सेन, सहायक संपत्ति अधिकारी नगर निगम अजय जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पिछोर पियूष श्रीवास्तव, रीजनल मैनजर इण्डसंड बैंक संस्थागत वित्त सचिन गुजराती, पशु चिकित्सा अधिकारी मुरार डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, आंचलिक प्रबंधक संस्थागत वित्त विकास रंजन व भवन निरीक्षक स्थायी अतिक्रमण नगर निगम छाया यादव शामिल हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने वेतन काटने के आदेश जारी करने के साथ-साथ इन सभी को स्पष्ट रूप से आगाह किया है कि भविष्य में सीएम हैल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के निराकरण में पूरी सतर्कता बरतें व उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। साथ ही शासन के द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए निराकरण सुनिश्चित करें।

### कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 134 लोगों की हुई सुनवाई

ग्वालियर, 6 जनवरी। कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में इस बार 134 लोगों की सुनवाई हुई। कलेक्टर रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने नए साल की पहली जन-सुनवाई में पहुँचे आम जनों का गजक खिलाकर मुँह मीठा कराया। इसके बाद सभी की समस्यायें सुनीं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व एडीएम सी बी प्रसाद ने भी जन सामान्य की समस्याओं का निराकरण कराया।



**हर जेब के लिए है ग्वालियर मेला.....**

# 'हर माल 10 रुपये में' जैसी दुकानों से होती है खुशियों की खरीदारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 6 जनवरी।** आकर्षक रोशनी में नहाए भव्य शोरूम और आधुनिक दुकानों के बीच ग्वालियर व्यापार मेला की असली आत्मा उन छोटी-छोटी दुकानों में बसती है, जहाँ कम कीमत में जरूरत और खुशी दोनों मिल जाती हैं। यही कारण है कि ग्वालियर व्यापार मेला केवल वैभव का प्रदर्शन नहीं, बल्कि आमजन के जीवन से जुड़ा एक जीवंत उत्सव बनकर उभरता है। लगभग 121 वर्षों की परंपरा को समेटे व्यापार मेला समय के साथ बदला जरूर है। अब मेले में बड़े इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर और वाहनों के शोरूम सजते हैं। लेकिन 'हर माल 10 रुपये' से लेकर 'हर माल 150 रुपये' वाली दुकानों की चमक आज भी उतनी ही कायम है। इन दुकानों पर उमड़ती सैलानियों की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि मेला आर्थिक रूप से सम्पन्न वर्ग के साथ-साथ सामान्य और कमजोर आय वर्ग की जरूरतों को भी समान सम्मान देता है। मेले में सजी 'हर माल 10 रुपये' की दुकानों से सैलानी रूमाल, हेयर बैंड, रबर क्लिप, कंघे, चाय की छन्नी और बच्चों के खिलौने खरीदते नजर आते हैं। वहीं 'हर माल 20 रुपये' की दुकानों पर पर्स, की-रिंग, प्लास्टिक टब, डलिया, गमले और डस्टबिन लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसी तरह 'हर माल 50 रुपये' वाली दुकानों पर पूजा की थाली, गैस चूल्हा स्टैंड, चमचे, छलनी, टॉर्च, पानी की बोतल, टिफिन, किसनी और फ्राई पैन की खूब बिक्री हो रही है। इसके अतिरिक्त 100, 150 और 200 रुपये की दुकानों पर लोअर, गरम स्वेटर और जैकेट खरीदने वालों की भीड़ सर्दी की जरूरत और मेले की उपयोगिता दोनों को दर्शाती है। ग्वालियर व्यापार मेला केवल खरीद-बिक्री का स्थान ही नहीं, बल्कि जनजीवन की जरूरतों, लोककला की सादगी और बाजार की आत्मा का सुंदर संगम है। यहाँ हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है और शायद यही वजह है कि यह मेला पीढ़ियों से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए है।

# सभापति तोमर ने पार्षदों के साथ की गंदे पानी एवं सीवर की समस्या की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 6 जनवरी।** सभापति मनोज तोमर ने भाजपा पार्षद दल के साथ गंदे पानी एवं सीवर की समस्या के निराकरण के लिए बैठक की। बैठक में वार्डों में आ रहे गंदे पानी को लेकर चर्चा की तथा सभी से अपने अपने क्षेत्रों में गंदे पानी एवं सीवर सें संबंधित शिकायतों को लिखित में देने को कहा, जिससे शीघ्र उनका निराकरण कराया जा सके।

बाल भवन के नवीन बैठक हॉल में आयोजित बैठक में पार्षदगण उपस्थित रहे। गंदे पानी की समस्या जैसे गंभीर विषय पर चर्चा करते हुए सभापति तोमर ने सभी पार्षदों से कहा कि आपके क्षेत्र में जो भी गंदे पानी को पॉइंट हो उन्हें लिखकर दें। इसके साथ ही पानी की लाइन किसी नाला अथवा नाली में जा रही है और उसे शिफ्ट कराना है तो उसकी जानकारी दें। इसके साथ ही यदि कोई वाल्व नाले के पास है और उसके कारण गंदे पानी की समस्या हो सकती है, तो उसको लिखकर दें। संबंधित अधिकारियों से समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन वार्डों में सीवर से संबंधित समस्या है तथा उसमें क्या कार्य होना है, इसकी जानकारी लिखित में दें। जिससे समस्या का निराकरण कराया जा सके। चर्चा के दौरान पार्षदगणों द्वारा बैठक में ही लिखित में जानकारी दी गई तथा अनेक पार्षदगणों द्वारा जानकारी भिजवाने की बात कही।

### दो गुटों के बीच फायरिंग में युवक के पैर में गोली लगी

ग्वालियर। डबरा के अमरपुरा खेरी ग्राम में दो गुटों के बीच फायरिंग में एक युवक के पैर में गोली लगी है। उसे गंभीर अवस्था में ग्वालियर रैफर किया गया है। दो लोगों पर गोली मारने का आरोप है। यह देहात थाना क्षेत्र का मामला है।

### दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत

ग्वालियर। झांसी रोड पर दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत में कुछ लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत अभियान शुरू किया।

# अब देरी से नहीं चलेंगी ट्रेनें, संचालन सुचारू बनाने के लिए रेलवे ने उठाया कदम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 जनवरी.** यात्रियों के लिए सुचारू और अधिक भरोसेमंद सफर सुनिश्चित करने के मकसद से रेलवे ने कमर्शियल, ऑपरेटिंग, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट की एक संयुक्त टीम बनाई है. इस पहल का मकसद वैगन से जुड़ी दिक्कतों को पहले से पहचानना और उन्हें ठीक करना, मैकेनिकल खराबी को कम करना और सुरक्षित और सुचारू ट्रेन संचालन सुनिश्चित करना है.अक्सर देखा गया है कि वैगन ट्रेनों में तकनीकी खराबी की वजह से ऑपरेशन में रुकावट आती है, जिससे उनके पीछे चल रही यात्री ट्रेनों को आगे बढ़ने के लिए उसी रूट के क्लीयरेंस का लंबा इंतजार करना पड़ता है या उन्हें दूसरे रूट पर भेज दिया जाता है, जिससे यात्री ट्रेनें देरी से चलती हैं और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है. यह टीम रुकावटों को कम करेगी और रेल सेवा को और भरोसेमंद बनाएगी.

रेलवे जोन ने वैगन में ग्रीस सील को नुकसान होने की कई घटनाओं की रिपोर्ट दी है, खासकर खुले वैगन में. ये नुकसान ज्यादातर तिरपाल कवर, नायलॉन की रस्सी, तार और दूसरी ढीली चीजों के ट्रेन के चलने के दौरान एक्सल बॉक्स एरिया में फंसने से होते हैं. ऐसी घटनाओं से मैकेनिकल खराबी और वैगन रुक सकते हैं, जिससे ऑपरेशन में रुकावट आ सकती है. इससे भी जरूरी बात यह है कि इनसे सुरक्षा को खतरा हो सकता है, जिससे ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही पर असर पड़ता है, जिसका सीधा असर यात्री ट्रेनों और पूरी रेल सुरक्षा पर पड़ता है.

रेलवे ने कहा कि इन मुद्दों पर ध्यान देना, रेलवे के सुचारू परिचालन और उच्च सुरक्षा मानक बनाए रखने के लिए जरूरी है.इस समस्या के प्रभाव के बारे में बताते हुए ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के रामशरण ने बताया, 'यहां तक ??कि मामूली लगने वाली चीजों के भी परिचालन संबंधी नतीजे गंभीर हो सकते हैं. रस्सी या ढीले सामान जैसी है छोटी चीजें अक्सर वैगन में तकनीकी दिक्कतें पैदा करती हैं, जिससे उनके पीछे चल रही ट्रेनों की आवाजाही में रुकावट आती है. इस वजह से, कई ट्रेनें क्लीयरेंस का इंतजार करते हुए या दूसरे रूट पर डायवर्ट होने के कारण बेवजह लेट हो जाती हैं.'


**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिका निगम, ग्वालियर**

क्रमांक 01/26×13/1 पार्क/26 ग्वालियर दिनाक 05/01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम ग्वालियर की ओर से स्वीकृत पार्क विभाग के 02 प्रकरण में टेण्डर प्रकरण क्र. 51/25×13/1, 2025_UAD_472011_1 जिसकी अनुमानित लागत राशि 5,17,959/- हेतु प्रतिशत दर पर दस्तावेज डाउनलोड/सेल प्रारंभ दिनांक 01/01/2026 है। निविदा जमा करने हेतु दिनांक 09/01/2026 से 16/01/2026 की सायंकाल 17:30 बजे तक एंव टेण्डर प्रकरण क्र. 52/25×13/1, 2025_UAD_472017_1 जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 11,83,500/-हेतु प्रतिशत दर पर दस्तावेज डाउनलोड/सेल प्रारम्भ दिनांक 01/01/2026 है। निविदा जमा करने हेतु दिनांक 23/01/2026 से 02/02/2026 की सायंकाल 17:30 बजे तक कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम, ग्वालियर में म.प्र.लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीयकृत पद्धति में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एंव निर्धारित योग्यता वाले ठेकेदार/अधिकृत विक्रेता/फर्म से ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।

सहायक यंत्री, पार्क
नगर निगम, ग्वालियर

Ro. क्र 15 दि. 06/01/26







# बड़ा है आदमी सच में वही किरदार से अपने, जो अपने सामने वाले का कद छोटा नहीं करता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 जनवरी.** MPCCI द्वारा दीपावली एवं नव वर्ष मिलन समारोह के तहत आज रंगमहल गार्डन में चेम्बर

**MPCCI के तीन दिवसीय दीपावली एवं नव वर्ष मिलन समारोह के तहत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित**

सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं स्वरूचि भोज का आयोजन किया गया7

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश सिंह सिकरवार, विधायक ग्वालियर पूर्व, मनोज सिंह तोमर, सभापति, नगर निगम ग्वालियर एवं हरिपाल नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्वालियर पधारे.

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, सहसंयोजक एवं उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, सहसंयोजक एवं मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ पश्चात मंचासीन कवियों द्वारा निम्नानुसार अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया:-

खरे करता है सारे काम, कुछ खोटा नहीं करता
अहम का अपने चारों ओर, परकोटा नहीं करता
बड़ा है आदमी सच में वही किरदार से अपने
जो अपने सामने वाले का कद छोटा नहीं करता

**-डॉ प्रवीण शुक्ल, दिल्ली**

थककर चूर हुए पाँवों की
चर्चा का ये मंच नहीं है,
उन पैरों की बात करो जो
मैराथन में बने हुए हैं.....॥
कंधे डाल चुकी गर्दन से
खींचो ये बैजंतीमाला
उन वक्षों पर नाज़ करो जो,
शीश कटाकर तने हुए हैं....॥

**-तेजनारायण शर्मा, जौरा, व्यंग्यकार/संचालक**

गम आंसू खामोशी को शर्मिंदा रखने के लिए
कुछ जगह रखी है हंसी का परिंदा रखने के लिए
उदासी मत सजाइए चेहरे के गुलदान में
हंसी बहुत जरूरी है खुद को जिंदा रखने के लिए

**-अतुल ज्वाला इंदौर**

रंग भोर के तुम्हे समर्पित, हमको गहन अँधेरे।
महलों का सुख लेकर दे दो निर्जन द्वार बसेरे॥
हम उत्सव लाये हैं अपने रोष हमें दे जाओ
आंसू हमको बेचो हमसे मुस्काने ले जाओ॥

**-शशि श्रेया लखनऊ**

उसमें और हम में बहुत फर्क है
सिद्ध करने को क़ाफी एक तर्क है ॥
उसने सैन्य लाशों के भी शीष काटे हैं
हमने उसकी लाशों क़फ़न बांटे हैं॥
क्योंकि यही तो हमारी पहचान है
इसीलिए हिंदुस्तान हिंदुस्तान है॥

**-आशीष अनल अवस्थी, लखीमपुर खीरी**

हँसी चेहरे के पीछे दर्द को पहचान जाती है
जरा सी मान और मनुहार से वो मान जाती है
न जाने क्या रिश्ता है दुनिया में ये ईश्वर जाने
मैं रहूँ परदेश में भी भूखा तो माँ जान जाती है॥

**-मुन्ना बेट्री, मन्दसौर**

न धन दौलत न ये शोहरत न ये दरबार जाएगा
तेरे अंतिम सफर में सँग तेरा किरदार जाएगा
सियासी दांव पैंचों से जहां को जीतने वाले
तू इक दिन उस अदालत में मुकदमा हार जाएगा

**-रवीन्द्र रवि, ग्वालियर**

कवि सम्मेलन के सूत्रधार तेजनारायण शर्मा, जौरा रहे. कवि सम्मेलन को अम्बा शक्ति ग्रुप के संचालक संजीव गुप्ता द्वारा प्रायोजित किया गया.


**International Institute for Population Sciences**
(Deemed to be University)
Under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India
Govandi Station Road, Deonar, Mumbai 400 088
Website: https://www.iipsindia.ac.in

**ADMISSION ANNOUNCEMENT FOR THE ACADEMIC YEAR 2026–2027 THROUGH CUET-PG**

This is to inform all prospective candidates that the admission process for the Academic Year 2026–2027 will be conducted through the **Common University Entrance Test for Postgraduate Programmes (CUET-PG).** All the candidates who wish to apply for the following postgraduate programmes at IIPS are required to appear for the **CUET-PG** exam:

1. **Master of Arts / Science in Population Studies**
2. **Master of Science in Biostatistics and Demography**
3. **Master of Science in Survey Research and Data Analytics**

The Institute provides a **Government of India fellowship of Rs. 5,000/- per month and hostel accommodation to** all the students admitted to these programmes.

For detailed information on the CUET process, programmes offered, eligibility criteria, and to submit your application, please click the link given below: **https://exams.nta.nic.in/cuet-pg/**

Director & Senior Professor (Additional Charge)


# थाना स्तरीय व्यापरिक समितियां सामुदायिक पुलिसिंग में मददगार होंगी : आईजी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 जनवरी.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपनगर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के व्यापारियों को सम्बोधित करते हुये पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द सक्सैना ने कहा कि यदि हम थाना स्तरीय व्यापारिक समिति का गठन कर ठीक से इसका संचालन करें तो यह कम्युनिटी पुलिसिंग में मददगार हो सकती है। व्यापारियों को अपने नौकरों का बेरीफिकेशन, सडक पर यातायात न रूके इसके लिये अतिक्रमण



मुक्त सडक, दुकानों पर सीसीटीवी केमरों के साथ साथ एक केमरा शहर के लिये लगाया जाये और समय समय पर थाना प्रभारी एवं थाने के स्टाफ के साथ व्यापारियों की समन्वय बैठक हो तो निश्चित रूप से हम अपराधों पर अंकुश लगा सकते हैं।

कैट द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह एवं नवीन सदस्यों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुये मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द सक्सैना ने कहा कि ग्वालियर में अपराध कम हुये है किन्तु कुछ सजगता व्यापारियों को स्वयं रखना पडेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी ने कैट की इस बात के लिये प्रसन्नता व्यक्त की कि उन्होंने ग्वालियर विधानसभा को चुना और यहां अपना संगठन बनाया। क्योंकि इस क्षेत्र में आवश्यक है रोजगार के साधन इकटठे हो और व्यापार बढे, तो इससे ग्वालियर का विकास होगा।

कैट द्वारा उपनगर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में नई शाखा का गठन किया गया और राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने अशोक अग्रवाल जी को संयोजक एवं आशीष जैन मोनू को उपनगर ग्वालियर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

अतिथियों का स्वागत अशोक अग्रवाल, अशीष जैन मोनू, हरीश अग्रवाल, श्रृष्टि गर्ग, रश्मि अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद जैन, रवि अग्रवाल, अजय अग्रवाल, कैट के जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला संयोजक दिलीप पंजबानी, महामंत्री विवेक जैन, कोषाध्यक्ष मयूर गर्ग ने पुष्पहार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नवीन सदस्यों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Government of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (STC) CITY DIVISION, GWALIOR
E-mail : eestcgwalior@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

Online tenders are invited from eligible bidders, for following electrical work as per tender specifications.

| Tender Specification | Name of Work & Services contract | Approx. Value (In Lakh) | Tender Document fee (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| DGM/STC/city/25-26/4854 GWALIOR Dated 06.01.2026 | Additional DTR 1x200 KVA at Nal wali gali Lohiya Bazar 9550040230 under Baraghata zone City Div. Central Gwalior. | 0.88 | 118/- |
| DGM/STC/city/25-26/4853 GWALIOR Dated 06.01.2026 | Additional DTR 1x200 KVA at Thorat ki goth 9550040102 under Baraghata zone City Div. Central Gwalior. | 0.88 | 118/- |
| DGM/STC/city/25-26/4852 GWALIOR Dated 06.01.2026 | Additional DTR 1x200 KVA at Tapu Mohalla Park-2 9550040098 under Baraghata zone City Div. Central Gwalior. | 0.88 | 118/- |

Date of sale of Bid documents : 07.01.2026, 10.00 Hrs. Up to 12.01.2026, 14.00 Hrs.
Bid Submission **Last Date** : **12.01.2026 Up to 14.00 Hrs.**
Bid opening Date : 13.01.2026 at 15.00 Hrs.
Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123858/2026 DGM (STC)


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95